स्पीड न्यूज

## करणी सेना ने सैकड़ों लड़कियों को निःशुल्क दिखायी द केरला स्टोरी

**जमशेदपुर।** क्षत्रिय करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राज शेखावत के जन्मदिन के अवसर पर सैकड़ो सनातन लड़कियों को बिष्टुपुर स्थित सिनेमाघर में निःशुल्क द केरला स्टोरी फिल्म दिखायी गयी । बढ़ते धर्मपरिवर्तन व लव जिहाद को देखते हुए समाजिक जागरूकता के उद्देश्य से युवा महानगर अध्यक्ष विकास सिंह व युवा जिला सचिव रोहित सिंह ने सभी करणी सेना के सदस्यों के साथ मिलकर इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। थियेटर मी लड़कियों का काफी उत्साह देखने को मिला। फिल्म को देखने के बाद थियेटर से निकली महिलाओं ने बताया कि इस फिल्म में साफ तौर पर दशार्या गया हैं कि हिन्दू समाज की लड़कियों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाते हुए उन्हें प्रेम जाल में फंसाकर फिर उनका दैहिक और मानसिक शोषण किया जाता हैं। अंत में उन्हें आतंकवाद की दुनिया में धकेल दिया जाता है। ऐसे षडयंत्र से सभी को सतर्क रहने व बचने की जरूरत है ।इस फिल्म को निशुल्क दिखाने के लिए सभी ने करणी सेना का धन्यवाद किया। मौके पर मौजूद प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह,जिलाध्यक्ष संजय सिंह,युवा कोल्हान अध्यक्ष रंजन सिंह,युवा जिलाध्यक्ष मोहित सिंह,युवा महानगर अध्यक्ष विकास सिंह,जिला सचिव रोहित सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

## ओडिशा रेल दुर्घटना के दिवंगत को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के द्वारा आज गोलमुरी स्थित कार्यालय पर गत दिनों ओड़िशा के बालासोर में हुए भीषण रेल दुर्घटना के दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। दीप जला कर सभी ने इस दर्दनाक रेल दुर्घटना के मृतकों की आत्मा की शांति की प्राथना की साथ ही इस दुर्घटना में घायल हुए सैकड़ो रेल यात्रियों के जल्द स्वास्थ लाभ की कामना की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने बताया कि ओड़िशा राज्य में घटित यह रेल दुर्घटना बहुत ही बड़ी व दर्दनाक दुर्घटना हैं जहाँ तीन ट्रेने आपस में भिडंत हुई हैं। लगभग 288 लोगों ने अपनी जान गवाई हैं व सैकड़ो लोग घायल हुए हैं जो इलाजरत हैं। शौर्य संस्था दिवंगत हुए यात्रियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हैं व अपनी संवेदनाएं प्रकट करती हैं। साथ ही बचाव कार्य में दिन रात लगे अर्धसैनिक बल एवं एन डी आर एफ की टीम को बारंबार नमन करती हैं, जिनके सहयोग से बचाव कार्य सम्पन्न हो पाया व कई की जान बच सकी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, श्रीराम प्रसाद समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## जेसीआइ ने आदित्यपुर थाने में लगायी अमृत धारा

**जमशेदपुर।** इस भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की ओर से बुधवार को आदित्यपुर थाना परिसर में अमृत धारा (शीतल एवं नर्मल पेयजल केंद्र) जीएमसीएक्स प्राणिक हीलिंग क्लिनिक के सौजन्य से लगाया गया। अध्यक्ष संगीता काबरा के नेतृत्व में इसका फीता काटकर विधिवत उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से सरायकेला एसडीपीओ हरविंदर सिंह, आदित्यपुर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजन सिंह, सरायकेला जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, नितेश धूत, कविता धूत, दिव्या अग्रवाल, मंजू बाकरेवाल, सीमा अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, रिया अग्रवाल, सोनिया मोदी, बबिता मोनिका, प्रेरणा चौधरी आदि उपस्थित थे।


## भुइयांडीह ग्वाला बस्ती से हटा अतिक्रमण

**जमशेदपुर।** बुधवार को जेएनएसी के द्वारा भुईयाडीह ग्वाला बस्ती में अवैध निर्माण और रास्ता पर रास्ते को जो लोग एंक्रोचमेंट किए थे उनको जेएनएसी की टीम ने दल बल के साथ हटाया। इस दौरान पुलिस टीम भी तैनात थी। सीतारामडेरा थाना के पदाधिकारी अपने दल बल के साथ मौजूद थे।

# भारतीय शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला 'नृत्योत्सव' का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय भारतीय शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला 'नित्योत्सव' का उद्घाटन आज टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स डीबी सुंदर रामम की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला का आयोजन 3-6 जून, 2023 को रवींद्र भवन, साकची में किया जा रहा है। कार्यशाला में 450 से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। नृत्य कार्यशाला का आयोजन कला उद्यान के सहयोग से किया जा रहा है, जो भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली और संगीत में युवाओं को प्रशिक्षित करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। कार्यशाला में चार प्रमुख भारतीय नृत्य शैली में प्रशिक्षण शामिल होगा: भरतनाट्यम, कथक, मणिपुरी और ओडिसी। उद्घाटन समारोह में नृत्य प्रस्तुतियां भी हुई। उद्घाटन समारोह के दौरान, डी बी सुंदरा रामम, वाईस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स, टाटा स्टील ने कहा, सांस्कृतिक रूप से इतना समृद्ध होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है और हमारी जड़ें ही हमारी पहचान हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों पर इस कार्यशाला का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहूंगा। टाटा स्टील फाउंडेशन के अर्बन सर्विसेज के हेड जिरेन टोपनो ने कहा, भारत के शास्त्रीय नृत्य, डांसर्स में अनुशासन और ध्यान केंद्रित करने की भावना पैदा करते हैं।



नृत्योत्सव में प्रस्तुति देती नृत्यांगना व टाटा स्टील के वीपी सुंदर रामम

### सीआइएसएफ के बचाव दल ने त्वरित कार्रवाई कर बचायी जान

# जादूगोड़ा प्रॉसेसिंग प्लांट में तीन ठेका मजदूर बेहोश

### इलाज के पश्चात घायल मजदूर अस्पताल से सकुशल लौटे घर



खबर मन्त्र टीम

**जादूगोड़ा/जमशेदपुर।** यूसील की जादूगोड़ा प्रोसेसिंग प्लांट में सफाई के दौरान तीन ठेका मजदूर बेहोश हो गए।घटना पौने दो बजे की है। इधर सी आई एस एफ की अग्नि शमन विभाग के बचाव टीम ने घायल मजदूरो की एबुलेंस से यूसील अस्पताल पहुंचाया जहा डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ठीक होने पर सभी को छुट्टी दे दी। घटना के बाबत बताया जाता है कि आज दोपहर पौने दो बजे यूसील की ठेका कंपनी दीपक इंजीनियरिंग के चार मजदूर भीम टुडू, आरती जावेद व रमई मुर्मू टैंक सफाई करने उतरे थे। अचानक टैंक में केमिकल गैस से उनका सामना हो गया। गैस लगने से मजदूर वही बेहोश हो गए। इसकी सूचना कंपनी प्रबंधक ने यूसील की सुरक्षा में जुटी सी आई एस एफ की अग्नि शमन विभाग के इंस्पेक्टर बल बिंदर सिंह को दी। बलबिंदर सिंह ने अपने चार जवानों मसलन उमेश मुई, बी बोरो, राहुल व चालक अरविंद के साथ घायल मजदूरों को जादूगोड़ा प्रोसेसिंग प्लांट से रिस्क्यू की व उसे एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाई। फिलहाल सभी घायल स्वस्थ है व प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मजदूरों के स्वस्थ होनरे पर कंपनी प्रबंधक ने राहत की सांस ली है।

# माहवारी स्वच्छता का संकल्प चुप्पी तोड़ो, खुल कर बोलो



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** टांगराईन स्कूल की छात्राओं ने हथेलियों पर लाल बिंदी लगाकर माहवारी स्वच्छता का संकल्प लिया ।शिक्षा विभाग की ओर से एवं यूनिसेफ के सहयोग से चल रहे माहवारी स्वच्छता अभियान के तहत आज टांगराईन स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक की बच्चियों को माहवारी स्वच्छता का प्रशिक्षण दिया गया। सामाजिक संस्था युवा की प्रशिक्षक ज्योति हेंब्रम, रीला सरदार एवं अवंती सरदार ने वीडियो फिल्म एवं चार्ट के जरिए किशोरियों को प्रशिक्षण दिया। उन्हें अपने शरीर को जानो का विस्तार से प्रशिक्षण दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने बताया कि छात्राएं प्रशिक्षण के बाद बिना संकोच के माहवारी स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन कर सकेंगी। चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो का नारा साकार होगा। उन्होंने कहा माहवारी से जुड़े बहुत सारे भ्रम समाज में व्याप्त हैं जिसका खामियाजा किशोरियों को भुगतना पड़ता है ।इस समस्या को दूर करने के लिए लोगों में जागरूकता लाने हेतु रेड डॉट चैलेंज को सोशल मीडिया से प्रसारित किया जा रहा है जिसका प्रतीकात्मक संदेश है कि माहवारी के दौरान पूरा परिवार किशोरियों के साथ है।

इस चैलेंज को यूनिसेफ ने शुरू किया है। समाज में आज भी महिलाओं के जीवन चक्र से जुड़े इतने महत्वपूर्ण विषय पर बात करने में लोगों को झिझक महसूस होती है। आज भी महिलाएं माहवारी से जुड़ी दिक्कतों एवं परेशानियों को खुलकर साझा नहीं कर पाती हैं। नतीजतन उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, जिसका प्रभाव उनके एवं परिवार के पूरे जीवन पर पड़ता है। विद्यालय में भस्मीकरण एवं सेनेटरी पैड बैंक की सुविधा है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राजीव सिंह ,अमल दीक्षित, दसमत मुर्मू, निरंजन सिंह एवं राजेंद्र सिंह मुंडा भी उपस्थित थे।

### अल-कबीर पॉलीटेक्निक के 437 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

# संस्थान ने दी छात्रों को भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शैक्षणिक सत्र 2022-23 में अल-कबीर पॉलिटेक्निक के 2019 एवं 2020 बैच के 437 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न उद्योगों/कंपनियों के द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन परीक्षा के माध्यम से किया गया है। पिछले कई महीनों से चले आ रहे कैंपस सेलेक्शन के तहत सत्र 2019 एवं 2020 के यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग के अनेक विद्यार्थियों का चयन संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में किया गया। संस्थान के प्राचार्य श्री वारिस सरवर इमाम, सभी विभागों के प्रभारी एवं प्लेसमेंट प्रभारी मो. मकसूद आलम ने सभी चयनित विद्यार्थियों को डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी/जूनियर इंजीयर के पद पर चयनित होने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। प्राचार्य वारिस सरवर इमाम ने बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के विभिन्न कंपनियों में चयनित होने पर खुशी जाहिर करते हुए छात्र-छात्राओं को सदैव कड़ी मेहनत करते रहने का संदेश दिया। सभी विभागों के प्रमुख मो. अब्दुल ताहिर खान, पी. वीणाशीला राव, मो. आबिद हुसैन, मो. शहाबुद्दीन अंसारी एवं मो. शाहनवाज आलम ने सभी चयनित विद्यार्थियों की सफलता के लिए उन्हें बधाइयाँ दीं। संस्थान की गवर्निंग बॉडी एवं मैनेजमेंट ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता संपूर्ण कॉलेज टीम का अथक प्रयास का परिणाम है। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रमुख श्री मो. मकसूद आलम के दिये गये जानकारी के अनुसार आगामी दिनों में भी प्लेसमेंट की प्रक्रिया चल रही है जिनमें कई उम्मीदवारों के सफल होने की उम्मीद की जाती है। कोरोना काल में आई हुई समस्याओं का निराकरण करते हुए अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों की विभिन्न कंपनियों/उद्योगों में चयनित होने पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण में उत्साह है। प्राचार्य वारिस सरवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनसे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझने और आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने आशा जताई कि विद्यार्थी अपने कॉलेज में सिखाये गए हुनर और ज्ञान का इस्तेमाल सही दिशा में करेंगे और देश व समाज के सफल नागरिक बनेंगे।



प्लेसमेंट पाने वाले छात्रों के एक समूहके साथ प्राचार्य व अन्य शिक्षकगण।

## विधायक रामदास, संजीव और नवीन जायसवाल सीपीए के सदस्य बने

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ. (सी पी ए) के सदस्य बनाये गए हैं विधायक रामदास सोरेन विधायक संजीव सरदार एवं विधायक नवीन जयसवाल। गौरतलब है कि वर्ष 2023 के लिए विधानसभा के सचिव ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जिसके मुख कार्यालय लंदन में है उसके सदस्य बनाए गए हैं। इस बार झारखंड विधानसभा से के 3 विधायकों को लंदन स्थित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सदस्य बनाए जाने पर खुशी जाहिर की गई है।

विधायक रामदास सोरेन जैसे सरल, मिलनसार, मृदुभाषी विधायक को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सदस्य बनाए जाना एक गौरव की बात है।

# मखदुमपुर बस्ती में 20 साल बाद हुई गंदे नाले की सफाई, लोगों ने ली राहत की सांस

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल ने निजी खर्चे से करायी नाले की सफाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत परसुडीह क्षेत्र के मखदुमपुर बस्ती का नाला करीब 20 सालों से जाम होने के कारण बस्तीवासियों के परेशानी का सबब बनी हुई थी। पूरे परसुडीह क्षेत्र, ग्वाला बस्ती एवं गोल पहाड़ी के नाले का पानी इसी बड़े नाले के सहारे आगे जाती थी। परंतु नाले के जाम हो जाने से बारिश के दिनों में चंद घंटों की बारिश में ही पूरे मखदुमपुर बस्ती के 80 प्रतिशत से अधिक घरों में नाले का गंदा पानी भर जाता था। साथ ही, क्षेत्र के दोनों मुख्य मंदिर काली मंदिर एवं शिव मंदिर मंदिर में बारिश का पानी भर जाता था, इसके साथ ही राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर मखदुमपुर बस्ती के लोग कई बार रेलवे के पदाधिकारियों व कार्यालय में समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी दिया पर इसपर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हुई।

इस समस्या को लेकर समाजसेवी आकाश श्रीवास्तव ने पूर्व विधायक सह भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी से समाधान का आग्रह किया। जिसपर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बस्तीवासियों के समस्या को गंभीरतापूर्वक लेकर एक हफ्ते के अंदर नाला की पूरी साफ-सफाई कराने का आश्वासन दिया। बुधवार को कुणाल षाड़ंगी ने रेलवे से अनापत्ति पत्र प्राप्त करवाकर व्यकितगत स्तर पर पोकलेन मशीन की व्यवस्था की एवं नाले की साफ-सफाई शुरू करवाई। इस दौरान कुणाल खुद कार्यस्थल पर पहुंचे और सहयोग करने हेतु मौजूद रेलवे के पदाधिकरियों का भी आभार जताया। क्षेत्र के लोगों ने 20 वर्षों से के बाद नाले के साफ-सफाई होने पर कुणाल षाडंगी के प्रति आभार जताया। वहीं, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता व उदासीनता के कारण वर्षों से नाले की साफ-सफाई नही की गयी। जब लगातार बारिश होती है तो क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति बन जाती है। जल जमाव के कारण ना केवल लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है बल्कि सड़कों से गुजरना भी कठिन रहता था। नालों की सफाई नहीं होने से लोग बदबू और मच्छरों की वजह से परेशान थे।

कहा कि समस्या के संज्ञान आने पर साफ-सफाई का कार्य किया गया है। उन्होंने सरकार से बारिश से पहले शहर के सभी बड़े नालों की पूरी सफाई कराने की मांग की है। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य सुदीप्तो डे राणा, आकाश श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, ओम प्रकाश रजक, बबीता सिंह, ऋतिका श्रीवास्तव, सूर्या श्रीवास्तव, बसंत श्रीवास्तव, अंकित कुमार, प्रदीप कुमार, प्रेम श्रीवास्तव, प्रेम कुमार, दिवाकर सिन्हा, विजय शर्मा समेत स्थानीय बस्तीवासी मौजूद थे।



एक नजर में

## अरका जैन विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित किया गया। सोशल फॉरेस्ट्री डिवीजन जमशेदपुर का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया और विश्वविद्यालय कैंपस व मोहनपुर गांव में वृक्षरोपण किया गया। इस अवसर पर समीर अधिकारी, डीएफओ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के सहायक संकायाध्यक्ष डॉ पोम्पी दास सेनगुप्ता ने स्वागत भाषण दिया व एनएसएस कोऑर्डिनेटर पारस नाथ मिश्रा ने विषय प्रवेश किया। उपस्थित सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। कुलपति प्रो (डॉ) एसएस रजी ने कहा कि हमें पर्यावरण के प्रति सजग होना पड़ेगा तब जाकर अगले प्रजन्म को हम एक स्वच्छ पृथ्वी दे सकेंगे। मुख्य अतिथि वन अधिकारी समीर अधिकारी ने कहा कि हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए और ऊर्जा का भी सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने ग्रीन अर्थ कांसेप्ट को प्रसारित करने पर जोर दिया। सोशल फॉरेस्ट्री डिवीजन द्वारा विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक व कर्मचारियों के बीच वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे २०२३ टी शर्ट, टोपी बांटा गया। कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका में प्रो रतन सिंह, डॉ निकिता शुक्ला, अंकिता सिंह, अभिषेक उपाध्याय रहे। कार्यक्रम का सञ्चालन प्रो अभिषेक उपाध्याय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस अधिकारी डॉ मनोज पाठक ने दिया।

## हाथी कॉरिडोर में गैर वन भूमि पर फलदार वृक्ष लगायें : संजीव

**पोटका।** एडिशनल पी सी सी एफ कैम्पा (भा व से) झारखंड के संजीव कुमार ने चाईबासा वन प्रमंडल का भ्रमण मंगलवार को किया। जामपानी में आसपास के ग्रामीण एवं वन सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक भी किये। बैठक में ग्रामीणों ने वन सुरक्षा से संबंधित कुछ समस्याओ को रखा तथा संजीव कुमार ने भी सुझाव दिए। ग्रामीणों ने जल संचयन तथा हाथियों के समस्याओ से अवगत कराया। संजीव कुमार ने वन विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को ग्रामीणों के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि हाथी बहु क्षेत्र के कॉरिडोर में गैर वन भूमि पर जंगली जानवरों की दृष्टि से फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे।

## कांग्रेस ने गोलपहाड़ी में किया पौधरोपण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर ग्रामीण प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन गोलपहाड़ी में आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत फलदार वृक्ष मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्री आनन्द बिहारी दुबे के करकमलों से लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आनन्द बिहारी दुबे ने अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार से विश्व में जलवायु परिवर्तन हो रही है, इससे प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण से लगाव बढ़ाना होगा। धरती का एक एक इंच हरा भरा होना चाहिए इस विषय पर सरकार के साथ साथ आम नागरिक को भी आगे आना होगा। जमशेदपुर में कुछ कम्पनी तथा बड़े पैमाने पर सामाजिक संगठन भी वृक्षारोपण के प्रति सजग है।

## टाटा मोटर्स ने पंडित रघुनाथ मुर्मू क्लब को 3-1 से हराया

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्पोर्टिंग एसोसिएशन लीग का प्रीमियर डिवीजन आज झारखंड के जमशेदपुर में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुआ, जहां मौजूदा चैंपियन टाटा मोटर्स ने पंडित रघुनाथ मुर्मू क्लब के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इस अवसर पर जेएसए के पूर्व सचिव अविनाश कुमार, जेएसए के कार्यकारी अध्यक्ष, मुकुल चौधरी, जेएसए के उपाध्यक्ष हेमंत गुप्ता, और जेएसए, ओएलई के सचिव आनंद मेनेजेस जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जेएसए समिति ने पूर्व जेएसए सचिव अविनाश कुमार को जेएसए की निःस्वार्थ 16 वर्षों की सेवा के लिए आभार व्यक्त करते हुए उचित विदाई दी। इधर, साधु मरांडी (78' और 93') के दो सेकंड हाफ गोल और सुनील मांझी (81') के स्ट्राइक की बदौलत टाटा मोटर्स ने पीआरएमसी को 3-1 से हरा दिया। जिसके लिए सुशील मार्डी (40') ही गोल कर सके। दूसरे प्रीमियर डिवीजन मैच में ग्रामीण फुटबॉल अकादमी ने टेल्को के सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में टाटा स्टील के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। सुपर डिवीजन ने गोपाल मैदान में अरुणा सैमिटी क्लब पर डालमा टाइगर फुटबॉल क्लब के लिए 2-1 की जीत के साथ जारी रखा, जबकि बरहा दिसोम फुटबॉल टीम ने ए डिवीजन (ग्रुप बी) में टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में झारखंड बयार पर 2-1 से जीत हासिल की। ए डिवीजन (ग्रुप ए) में, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब ने सिद्दू कानू फेस्टिवल एसोसिएशन के साथ 1-1 से ड्रा खेला और जेएसए लीग में एक शानदार दिन समाप्त हुआ।

## बिजली की आंखमिचौली भी हेमंत की तरह वादा खिलाफी कर रही है : सहिस

**जमशेदपुर।** आज दिनांक 7 जून 2023 दिन बुधवार को दोपहर 11 बजे से आजसू पार्टी जिला समिति द्वारा विद्युत महाप्रबंधक के कार्यालय पर प्रदर्शन कर विभाग के आला अधिकारियों को चेतावनी दी गई और यह बताया गया की 15 दिनों में अगर बिजली की समस्या का निदान नहीं हुआ तो आपके कार्यालय की तालाबंदी से आंदोलन की शुरूआत होगी। प्रदर्शन का संचालन जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन छात्र नेता हेमंत पाठक ने किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे कन्हैया सिंह ने बताया कि पूर्व के सरकार में क्षेत्र के लोगो को बिजली 21 घंटे और 22 घंटे मिल रहा था लेकिन वर्तमान सरकार ने बिजली को बेचने का काम किया है। पहले खनिज संपदा को बेचा जाता रहा है लेकिन अभी मुख्यमंत्री जी के द्वारा स्वयं विभाग को अपने पास रख कर बिजली की बेचने का कार्य कर रहे है। कन्हैया सिंह ने बताया कि जिले के सभी विधायकों ने टाटा स्टील की सुविधा लेकर अपने आप को बेच दिया है यही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता के विश्वास और उनके उम्मीदों को भी बेचने का काम किया है और टाटा कंपनी के क्वार्टर में आराम फरमा रहे है। आखिर किस हैसियत से टाटा कंपनी के से क्वार्टर को आवंटित कराया है , क्योंकि इनलोगो द्वारा टाटा कंपनी से भी गेट पर धरना प्रदर्शन कर जनता के स्थानीय विषयो को बेच क्वार्टर से समझौता कर लिया है। प्रदर्शन में बतौर अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने बताया की राज्य के मुखिया असंवेदनशील है । इन्हे राज्य के जनता से कोई सरोकार नहीं है और बिजली की आंख मिचौली भी हेमंत की तरह वादा खिलाफी कर रही है। इनके कार्यकाल में अफसरशाही ऐसी कमरा में आराम फरमा रहे है और लोगो के जनसमस्याओं पर फोन भी नही उठाते हैं। इसलिए आजसू पार्टी आज सांकेतिक रूप से प्रदर्शन कर रहे है और तय समय पर अगर सार्थक पहल नही हुआ तो पार्टी के आंदोलन और उग्रता का सामना करना होगा।

स्पीड न्यूज

## सीएसपी केंद्र खुलने से ग्रामीणों को होगा सहुलियत : प्रमुख



**पाटन पलामू।** पाटन हाई स्कूल के सामने बैंक ऑफ इंडिया का सी एस पी केंद्र खोला गया। सीएसपी केंद्र का उदघाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी के द्वारा किया गया । मौके पर बैंक ऑफ इंडिया मैनेजर एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि सी एस पी केंद्र खुलने से आम जनता को पैसा लेन-देन करने में काफी सहुलियत होगा। उन्होंने कहा कि सीएसपी केंद्र ग्राहकों की सुविधा को लेकर खोला गया है।

## अपहरण मामले में पारा शिक्षक गिरफ्तार

**नावाबाजार पलामू।** नावाबाजार पुलिस ने ट्रक चालक का अपरण कर फिरौती वसूली करने के आरोपी पारा शिक्षक मिथलेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए नावाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि 18 मार्च को ट्रक व चालक का अपरण कर अपरणकर्ता ने फिरौती के रूप 2 लाख 90 हजार रुपए की वसूली किया था। इस मामले ट्रक चालक द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। छानबीन के अभी तक दो अपहरणकताओं को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक अन्य आरोपी पारा शिक्षक मिथलेश यादव को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। मिथलेश यादव छतरपुर थाना क्षेत्र के अरर गांव का रहने वाला है। नावाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि अपरण कांड में 7 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है।

## 17 दिवसीय समर कैंप संपन्न



**नावाबाजार पलामू।** युवा जागृति संघ तुकबेरा की ओर से राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित 17 दिवसीय ग्रीष्मावकाश शिविर संपन्न हो गया। कैंप के दौरान विभिन्न प्रतिस्पर्धा में चयनित 7 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड टॉपर रहे सौम्या सोनल एवं ईशा शर्मा को भी सम्मानित किया गया। समापन समारोह में ग्रीष्मावकाश शिविर के दौरान विभिन्न प्रतिस्पधाओं में भाग ले रहे बच्चों ने युवा जागृति संघ के अध्यक्ष सत्यानंद मेहता को कलम प्रदान किया। इस 17 दिवसीय ग्रीष्मावकाश शिविर में भाग ले रहे बच्चों ने खूब मस्ती की। मौके पर सचिव विष्णुदेव विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र विश्वकर्मा, चित्रकला प्रशिक्षक सुमंत कुमार, अर्जुन विश्वकर्मा, दिनानाथ ठाकुर एवं अजय कुमार मेहता आदि उपस्थित थे।

## मुखिया ने उपायुक्त से की नवादा में नल पुल निर्माण की मांग

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना की मुखिया मंजु देवी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर पंचायत सगुना अंतर्गत ग्राम नवादा में नल पुल का निर्माण कराने की मांग की है। मुखिया ने उपायुक्त को दिये आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत सगुना के ग्राम नवादा में जल पथ प्रमंडल के द्वारा सिंचाई नहर है। जिसमें ग्रामीणों के सिंचाई हेतु नाहर में नल पुल एवं आने जाने का रास्ता था जो क्षतिग्रस्त हो गया है। इस नल पुल के क्षतिग्रस्त होने से 50 एकड़ जमीन सिंचित होने से वंचित है, क्योंकि इस नल पुल से चार आहर का पानी का पटवन किसान को होता था। आवागमन बाधित हो गया है। उन्होंने पाटन प्रखंड के पंचायत सगुना अंतर्गत ग्राम नवादा में अवराहा आहर के पास नल पुल निर्माण व खैर के पास नहर में नल पुल निर्माण की मांग की है। उन्होंने इस मामले में उपायुक्त से पहल करने की मांग की है। मुखिया ने कहा कि पूर्व में नवादा के ग्रामीणों ने इस मामले की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था।

## आप पार्टी करती है समस्या और समाधान पर बात : राकेश तिवारी



**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान नरसिंहपुर पथरा में किया गया। इसकी शुरूआत बाबा भीमराव अंबेडकर जी को माला पहनाकर किया गया। सभी लोगों की समस्या और समाधान पर बात हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अथिति जिला अध्यक्ष चन्द्रबली चौबे ने लोगों को अपने हक अधिकार के लिए लड़ने के लिए जागरूक किया। सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें सभी को स्कूल भेजें इसके लिए प्रेरित किया। मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि पार्टी के जुझारू पिन्टू पासवान लोगों की समस्या को जानकर उसके समाधान के लिए हमेशा लड़ते - रहते हैं। पार्टी इन्हें सदस्यता प्रभारी बनायी है। लोगों की समस्या को ये घर-घर जाकर नोट करें और यथासंभव हम-सब मिलकर इसका समाधान करें। मौके पर संगठन मंत्री अरुण वर्मा,किसान प्रकोष्ठ के ओमप्रकाश दुबे ,मंच संचालन कर्ता विकी चौरसिया, शशिकान्त, चुनु यादव, संतोष सोनी, संजय राम उपस्थित थे।

## चुप्पी तोड़ो -स्वस्थ रहो अभियान का आयोजन

**पाटन पलामू।** पंचायती राज विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रकल्प मेदिनीनगर के तत्वाधान में ग्राम स्तर पर 5 जून से 12 जून तक चुप्पी तोड़ो -स्वस्थ रहो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को पंचायत सचिवालय किशनपुर में चुप्पी तोड़ो स्वस्थ्य रहो कार्यक्रम का आयोजन मुखिया सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। मौके पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर बृहद रूप से चर्चा किया गया। इस जागरूकता अभियान का मकसद महिलाओं एवं किशोरियों में माहवारी के दौरान हाइजीन और स्वच्छता के महत्व को बताया । इससे जुड़ी भ्रांतियों को उजागर कर सही ज्ञान देना निरंतर सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाना पर चर्चा किया गया। मौके पर मुखिया सुमन गुप्ता ने ग्राम स्तर पर माहवारी अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत आवश्यक स्थानों पर भस्मक अधिष्ठापन करने के बारे जानकारी दिया। माहवारी से संबंधित चुनौतियों को जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण स्थिरता को समुदाय के दृष्टिकोण से दूर करना तथा आवश्यक संसाधनों को प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा किया गया। महिलाओं को जन स्वास्थ्य जागरूकता पर लूडो खेल खेलाया गया एवं महामारी प्रबंधन से संबंधित वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।

# मोदी सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचाने की जिम्मेवारी कार्यकताओं की : गणेश मिश्रा

### केंद्रीय राज्य मंत्री जॉन वारला 11 जून को करेंगे मेदिनीनगर में सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते भाजपा कार्यकरता

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में महा जनसंपर्क अभियान के प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा ने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। 2014 और 2019 में जनता से पार्टी ने जो वादा किया था की मोदी सरकार बनते ही जनता की अपेक्षा के अनुरूप देश के विकास और गरीबों के जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धता से निरंतर कार्य कर रही है जिससे लोगों को लाभ भी मिल रहा है। इन्हीं सब बातों को लेकर पार्टी का महा जनसंपर्क अभियान सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष में 30 मई से चलाया जा रहा है जो 30 जून तक चलेगा। पार्टी के सभी मोर्चों का सम्मेलन 14 एवं 15 जून को होना निश्चित हुआ है। 18, 19 और 20 जून को विधानसभा वार लाभार्थी सम्मेलन होगा। 20जून से 30 जून तक घर-घर संपर्क अभियान बूथ, शक्ति केंद्र( पंचायत/वार्ड ) चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक एवं संचालन महामंत्री श्याम बाबू एवं धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र विश्वकर्मा किया। बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, श्याम नारायण दुबे, अमित सिंह, गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, गिरिनाथ सिंह, प्रेम सिंह, विपिन सिंह, नरेंद्र पांडे, कामेश्वर कुशवाहा, विभाकर पांडे, प्रफुल्ल सिंह, अविनाश वर्मा, रविंद्र सिंह, अमित तिवारी, बृजमोहन राम, शिवधारी राम, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, सुनील पासवान, संटु सिंह, लोकेश सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, अरविंद सिंह, संतोष सिंह, विजय ओझा, ईश्वरी पांडे, जिला परिषद अरविंद सिंह, संतोष सिंह, प्रभात भुईयां, विजय पाठक, सुनील तिवारी, संजय सिंह, बल्लू बलराम, उमेश चंद्र सिंह, जमुना सिंह, नीरज सिंह, महादेव यादव, आनंद सिंह, प्रदीप सिन्हा, ज्ञानधन चौरसिया, अलख दुबे, अमरेश तिवारी, प्रेम सागर सिंह, मीना गुप्ता, पूर्णिमा चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलायें कार्यकर्ता : राजेंद्र

- झामुमो के अनुषांगिक इकाइयों के समिति के नामों की हुई घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झामुमो जिला समिति द्वारा अनुषांगिक इकाइयों के गठन के लिए केंद्रीय कार्यालय के पास अनुशंसा की गई थी, जिसके बाद केंद्रीय समिति के नेता विनोद पांडेय जी के द्वारा झामुमो के अनुषांगिक इकाइयों के समिति के नामों की घोषणा की गई। सभी अनुषांगिक इकाइयों के जिलाध्यक्षों ने राजेंद्र प्रसाद सिन्हा को पुष्पगुच्छ दे कर उन्हें, केंद्रीय समिति और जिला समिति के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। सिन्हा ने बताया, झारखंड युवा मोर्चा का अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, महिला मोर्चा सुशीला मिश्रा, व्यवसायिक मोर्चा दीपू चौरसिया, अल्पसंख्यक मोर्चा फजायल अहमद, दलित पिछड़ा मोर्चा ललन चौधरी, क्रीड़ा मोर्चा का सुमित वर्मन को बनाया गया है। उन्होंने सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष, सचिवों और पूरी टीम को बधाई दी। कहा कि संगठन ने आप पर जो विश्वास जताया है उम्मीद करते हैं की आप सब उस पर खरे उतरेंगे। कार्यकर्ताओं को पार्टी का सम्मान बनाए रखना है। सेंट्रल कमिटी और जिला कमिटी से जो दिशा निर्देश आए उसका पालन आप सब बखूबी से करें, आप सभी मेहनती हैं और पार्टी को आगे बढ़ाने में आप सबों का योगदान बढ़ेगा ऐसी उम्मीद है। पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष से मिल कर सभी प्रखंड और पंचायतों में कमिटी का जल्द से जल्द गठन करें। कहा कि हेमंत सोरेन जी के सरकार की लोकप्रियता आज हर घरों में है, उनकी लोक कल्याण कारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाएं। झामुमो गरीबों, दलितों अल्पसंख्यकों की हितैषी है। आज हम सरकार में हैं परंतु पलामू में हमारे विधायक-सांसद नहीं होने की वजह से लोग झामुमो के संगठन की तरफ आशा भरी निगाहों से देखते हैं, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सभी को शुभकामना देने वालों में केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह, हाजी ललन शामिल थे।

# बेटियां घर की होती है लक्ष्मी : डॉ ईश्वर सागर

लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज ऐंड हॉस्पिटल में नवजात शिशु का हुआ नामकरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर पलामू।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज ऐंड हॉस्पिटल में प्रसव के लिए आए पलामू जिले के पांडू प्रखंड के बसडीहा निवासी ज्योति कुमारी पति अक्षय राम को अस्पताल में अनुभवी डॉक्टर के द्वारा सफल आपरेशन कर सुरक्षित प्रसव कराया गया था,जिन्हे बुधवार को उस नवजात शिशु का नामकरण व अस्पताल में ही प्रथम जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान डॉक्टर सहित परिजनों ने एक दूसरे को केक व मिठाइयां खिलाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नवजात का लक्ष्मी नाम रखा है। उन्होंने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी होती है, बेटियां आज के दौर में हर कार्य में बढ़चढ़ कर भाग ले रही है। अस्पताल प्रबंधक गौरव कुमार ने बताया कि हमारे यहां सभी तरह के ऑपरेशन व इलाज की समुचित सुविधा है । यहां कम खर्च में बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ विवेक कश्यप, डॉ नीलम कुमारी, डॉ एनके रजक, डा एलबी माझी, पूजा कुमारी, असलम बहादुर, अमर सिंह, खुर्सिद आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

# सुदृढ़ शिक्षा का नींव रखेगा एफ.एल.एन : कपिलदेव ठाकुर

### बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक सक्षम पर जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

- यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है इसमें सफल होकर देश विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र की संकल्पना को पूरा कर पायेगा : कपिलदेव ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय मुख्यमंत्री एक्सीलेंस जिला स्कूल मेदिनीनगर में क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक पलामू प्रमंडल अनिल कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जी-20 के तहत केन्द्र सरकार द्वारा संचालित निपुण भारत मिशन के अंतर्गत 'बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक समक्ष' विषयक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन संयुक्त निदेशक चौधरी, एक्सक्यूटिव मजिस्ट्रेट कपिल देव ठाकुर व पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने किया। राज्य से आये प्रतिनिधि सूरज कुमार साव ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से 'बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक समक्ष' कार्यक्रम को विन्दुवार स्पष्ट किया। इस मौके पर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि 'बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक समक्ष' कार्यक्रम बेहतर शिक्षा के क्षेत्र में इतिहास गढ़ेगा। यह कार्यक्रम हमारी मूल समस्या के समाधान का ठोस पहल है। जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि विद्यालय को ऐसा बनायें कि बच्चे वहां सहज महसूस करें। एफ.एल.एन. कार्यक्रम इसमें सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इसकी सफलता शिक्षकों के ईमानदार प्रयास पर निर्भर है। कार्यक्रम में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, रामनरेश राम, बी.ई.ई.ओ.जीतवाहन सिंह, महेंद्र प्रजापति, बलराम पाठक, रामानंद सिन्हा, आमोद सिन्हा, कृष्णकांत द्विवेदी, मनोज तिवारी, कनीय अभियंता दिलीप सिंह, सुधीर सिंह, शादाब हुसैन, विकास कुमार दूबे, रविशंकर पाठक व अनिल कुमार उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सीएम के नाम सीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** आंगनबाड़ी सेविकाओं ने पोषाहार मद के लिए नगद राशि की मांग किया है। बुधवार को झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्क्स युनियन के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने झारखंड के सीएम के नाम से सतबरवा सीडीपीओ को मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र के माध्यम से कहा गया है कि एक जून 2023 से आंगनबाड़ी केंद्र के लिए उधार पोषाहार की खरीदारी बंद कर दी गई है। आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है। जिसमें पोषाहार के लिए नगद राशि का भुगतान करने, बाजार दर से सरकारी दर काफी कम को सुधार करने के अलावा एलपीजी गैस भरवाने तथा मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए अग्रिम राशि देने तथा 5 तारीख तक मानदेय का भुगतान करने एवं अनुकंपा की शर्तें लागू करने की मांग शामिल हैं। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका तारा देवी, शकुंतला देवी, आशा देवी, गुड़िया देवी, सुलोचना कुंवर जावित्री देवी, ललिता देवी, रेखा, किरण, अंजू देवी का नाम शामिल है। वहीं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के द्वारा गरम ताजा भोजन और नाश्ता के लिए विभाग ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को मौखिक आदेश देकर दुकानों से उधार में पोषाहार की खरीददारी करने का निर्देश दिया था। कई जिलों में पोषाहार मद का पैसा 2 वर्ष तक भुगतान नहीं किया गया है। वहीं जहां पर भुगतान हुआ है वहां 50% तक कटौती की जा रही है। जिसके कारण केंद्र की सेविका को अपने मानदेय से भुगतान करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सेविका और सहायिका के संयुक्त खाते में अग्रिम राशि दी जाए ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को पोषाहार से महरूम नहीं होना पड़े।

# कांग्रेस के महिला जिला अध्यक्ष बनी इंदू भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इंदु भगत ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किए। इनके किए कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी ने इन्हें महिला विंग का कमान देकर जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी का जिम्मेवारी सौंपा गया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक फूल माला देकर स्वागत किया। कहा कि की इंदु भगत जी काफी सक्रिय महिला है और जिले में महिला के रोल मॉडल के रूप में समाज के अनेक क्षेत्रों में कार्य करते रहते हैं निश्चित रूप से इनको महिला जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिलने के बाद महिला कांग्रेस एक नए सिरे से संगठित और सुशोभित हो जाएगा। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंदु भगत ने कहा कि जिले का कमान देकर पार्टी जो हम पर आशा विश्वास जताया हैं इनके विश्वास को हम गांव और बूथ तक जाकर संगठन को मजबूत और सशक्त बनाकर पूरा करेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़के, सोनिया गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस नेटा डिसूजा, झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस गुंजन सिंह जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य 2024 चुनाव को लेकर काम करूंगी। मौके पर जिला कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी, मुकेश सिंह, संतोष गुप्ता, चंपा देवी, निधि कुमारी, अंजू देवी, किस्मती देवी, उषा देवी, गीता देवी, गीता देवी, मालती देवी, शोभा देवी, आशा देवी समेत काफी संख्या में महिला उपस्थित थी।

## आदित्य ग्लोबल स्कूल विशाखापट्टनम के छात्राओं ने वृक्षारोपण किया



**चैनपुर/ मेदिनीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई संगठन और संस्थानों ने अपने अपने स्तर से वृक्षारोपण कर बेहतर पर्यावरण हेतु अपने संकल्पों को दोहराने का काम किया है। उसी के निमित्त उच्च शिक्षा हेतु शहर के कई बच्चे शहर और राज्य से बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिसके तहत शहर और चैनपुर के छात्राओं ने भी गर्मी छुट्टी में घर आने के बावजूद चैनपुर स्थित वर्मा रिसोर्ट में पौधे लगाकर गुरु के आदेश और पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का काम किया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उक्त संस्थान के छात्रावास की तीनों छात्राएं विशाखा वर्मा, प्रज्ञा आर्या और रिंकी शर्मा ने वृक्षारोपण कर सामाजिक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का संकल्प किया। मौके पर उपस्थित विशाखा वर्मा ने कहा कि हम तीनों बीबीए डिजिटल मार्केटिंग की छात्राएं हैं, जो आदित्य ग्लोबल बिजनेस स्कूल के नाम से विख्यात है और विशाखापट्टनम में अवस्थित है।

## खुलेआम हथियार प्रदर्शन के खिलाफ लगाए गए विवादास्पद नारों पर आपत्ति : बजरंग दल

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला के उपायुक्त के नाम ज्ञापन अपर समाहर्ता पलामू सुरजीत कुमार सिंह को सौंपा। इसके अलावा आरक्षी अधीक्षक पलामू को भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम रने_ भरी में विगत 29 मई 2023 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर खुलेआम हथियार का प्रदर्शन और सामाजिक ताना बाना को तोड़ने के लिए लगाए गए विवादास्पद नारों पर आपत्ति जताते हुए कानूनी कारवाई का आग्रह किया गया है। जिला बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार गुप्ता ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि स्पष्ट देखा जा सकता है कि कार्यक्रम में खुलेआम आग्नेय शस्त्र के भी प्रदर्शन किए जा रहे हैं। पांकी थाना क्षेत्र पहले से ही संवेदनशील है। इसके मद्देनजर इस तरह की घटनाओं पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है।

# समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों को नई गतिविधियों से जोड़ना है : प्राचार्य

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल कक्षा छह तक के छात्रों हेतु समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय की शिक्षिका कविता कुमारी एवं कीर्ति निशा द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात योग शिक्षिका रागिनी के द्वारा योग और वेदमंत्रों से परिचित कराया गया। नृत्य एवं संगीत शिक्षिका नबोनिता चक्रवर्ती के द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। यह कैम्प 10 जून तक नियमित चलेगा। प्राचार्य ने कहा कि इस समर कैम्प में रीडिंग, राइटिंग, पेटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा, बैडमिंटन, खो-खो, पाककला, फोटोबूथ, बैंड, क्रिकेट, आर्चरी, फन विथ टैटू, आर्ट-क्राफ्ट, कैलीग्राफी एवं स्टोरी टाइम इत्यादि अन्य विविध विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कैम्प के माध्यम से बच्चे अपनी भाषा शैली का विकास विविध प्रकार से कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों को नई-नई गतिविधियों से जोड़ना है। छुट्टियों की मस्ती के साथ-साथ हमें बढ़ते तापमान और पर्यावरण के प्रति जागरुकता की आवश्यकता है, जिससे भौतिक पर्यावरण पर ही निर्भर न रहना पड़े। 06 जून को योगा, तैराकी, बैंड, बैडमिंटन, खो-खो, पेटिंग, नृत्य, संगीत, आर्ट-क्राफ्ट, पाककला, फोटोबूथ, क्रिकेट, आर्चरी, फन विथ टैटू एवं स्टोरी टाइम इत्यादि अन्य विविध विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## पीपीपी ने दिवंगत पत्रकारों को किया याद, परिजनों को दी जायेगी मदद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल की स्थानीय निबंधित पत्रकारों की संस्था पलामू पत्रकार परिषद ने शोक सभा का आयोजन किया। हुसैनाबाद एवं मनिका के दो दिवंगत पत्रकार परमानंद चौधरी एवं कौशल किशोर पाण्डेय के असमायिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। वहीं संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान उड़ीसा में हुई रेल दुर्घटना के मृतको की आत्मा की शांति की भी प्रार्थना की गई। शोक सभा के उपरांत वरिष्ठ पत्रकार अरूण शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें हुसैनाबाद के दिवंगत पत्रकार परमानंद चौधरी के परिवार को सहायता करने पर विचार किया गया। जिसमें अरूण शुक्ला की ओर से तत्काल दस हजार रुपए आर्थिक मदद करने का प्रस्ताव दिया गया। जिसका मौजूद पत्रकार साथियों ने समर्थन किया। शोकसभा में वरिष्ठ पत्रकार अरूण शुक्ला, केतन आनंद, राकेश पाठक, अरूण सिंह, नीलकमल मेहरा, सच्चिदानंद सिंह, ए पी लकी, मुर्तजा आमिर, करूणा करण, सोनू शर्मा मौजूद थे। इसके अलावा बैठक में वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र शर्मा, दिलीप कुमार भी उपस्थित थे।

# पलामू टाइगर रिजर्व में धड़ल्ले से चल रहा बीड़ी पत्तों का अवैध कारोबार

## कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति, बेकार साबित हो रहे लाखों की लागत से बनाये गये वाच टॉवर

**राजेश प्रसाद/दीपक राज**

**लातेहार/बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में वन माफिया पूरे बुलंद हौसलों के साथ बीड़ी पत्ते को वाहनों के माध्यम से ले जा रहे हैं। कारोबारियों द्वारा रात के अंधेरे में बीड़ी पत्तों को आसानी से पीटीआर से बाहर निकालकर इस अवैध कार्रवाई को वैध कर लिया जा रहा है। लेकिन, वन विभाग कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करती दिखायी दे रही हैं। वन क्षेत्र में हरे-भरे बीड़ी पत्तों के टूटे पौधे और बोरियों में बंद पत्ते पीटीआर की दुर्दशा की चीख-चीख कर गवाही दे रहे हैं।

हास्यास्पद बात यह कि विभाग द्वारा पीटीआर क्षेत्र में सैकड़ों जगह लाखों-करोड़ों रुपये की लागत से बनाये गये वाच टॉवर भी बीड़ी पत्तों की तुड़ाई, भंडारण और अवैध परिवहन को देखने में नाकाम हो गये हैं। यही नहीं, विभाग के कर्मियों और ट्रेकर गार्ड को भी इस अवैध धंधे की जानकारी नहीं मिल पा रही हैं।

**उजाले में खरीदारी, अंधेरे में ढुलाई :** मंगलवार को वन विभाग की टीम द्वारा छिपादोहर थाना क्षेत्र के जुरुहार से महज दस बोरा बीड़ी पत्ता को जब्त कर बड़ी सफलता दिखायी गयी। लेकिन, विशेष सूत्रों के अनुसार जुरुहार और इसके आसपास के इलाकों में कई जगहों पर पत्तों की अनगिनत बोरियां रखी हुई हैं। सिर्फ यहीं नहीं, पूरे पीटीआर क्षेत्र में यह कारोबार दिन के उजालों के साथ-साथ रात के अंधेरों में भी बेखौफ चल रहा है। इसे रोकने वाला शायद कोई नहीं है।



ढुलाई के लिए तैयार बीड़ी पत्ता।

**पीटीआर में पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है बीड़ी पत्तों की खरीदारी :** जानकारी देते चलें कि पीटीआर अंतर्गत बीड़ी पत्ते की खरीदारी और ढुलाई पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। लेकिन, यह प्रतिबंध सिर्फ आदेशों और कागजों तक सिमटी हुई है। क्योंकि, पीटीआर अंतर्गत बरवाडीह, छिपादोहर, गारू और बारेसाढ़ थाना क्षेत्र के लात, बरखेता, नवरनागु, लाभर, चुगरु, होशिर, मुंडू, नावाडीह, गणेशपुर, हरातू, जुरूहार, मोरवाई, सेदुप, ततहा, मंडल और छेचा समेत लगभग सभी गांवों में अवैध रूप से खलिहान, खुले मैदान या घरों में जगह बना कर पलामू और लातेहार के कारोबारियों द्वारा पत्ते की तो खरीदारी कर ली गयी है। अब रात के अंधेरे में पत्ते की ढुलाई भी शुरू हो चुकी है। जबकि, इन्हीं प्रतिबंधित क्षेत्रों में अगर आम नागरिक घर के लिए जलावन की सूखी लकड़ी उठा ले, तो उसे रोकने के लिए पूरा सिस्टम लग जाता है। उस वक्त हर गांव और हर टोले में वन विभाग का सूचना तंत्र पूरी मजबूती से काम करता है। लेकिन, वही सूचना तंत्र हरे-भरे पत्तो की तुड़ाई, भंडारण, खरीदारी और रात में ट्रक लगाकर अवैध ढुलाई के समय पूरी तरह विफल हो जाता है।

> बीड़ी पत्तों की अवैध ढुलाई में लगी गाड़ी के संबंध में कोई भी खबर है, तो दीजिये। मैं कार्रवाई करवाऊंगा। प्रशासन गाड़ी पकड़ने में सक्षम है। पकड़ने के बाद फॉरेस्ट एक्ट में केस होगा। इसके लिए पुलिस को लेटर लिखा जा चुका है।
> **– प्रजेश कांत जेना, डिप्टी डायरेक्टर, पलामू टाइगर रिजर्व।**

## स्पीड न्यूज

### पेड़ से गिरकर युवक हुआ घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित धाधु ग्राम में एक युवक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विकास लोहरा 10 वर्ष पिता महेंद्र लोहरा ग्राम धाधु थाना बालूमाथ निवासी जामुन के पेड़ में चढ़कर जामुन तोड़ रहा था। इसी दौरान डाली टूट जाने से पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद विकास को ग्रामीणों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया।

### मालगाड़ी से कटकर वृद्धा की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**चंदवा।** टोरी–बीराटोली–शिवपुर रेलखंड पर टोरी बिराटोलो के बीच चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार गढ़ा के पास बुधवार की सुबह मालगाड़ी से कटकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी। स्थानीय लोगो के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कार्रवाई के बाद अन्त:परिक्षण के लिये सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। खबर लिखे जाने मृतका की पहचान नही हो पाई थी। पुलिस मृतका की शिनाख्त करने के प्रयास मु जुटी थी। ग्रामीणों की माने वृद्धा कहां की थी पता नही लेकिन वह भुषाढ़ में किसी के घर अपने वृद्ध पति के साथ रहती थी।

# फाइलेरिया उन्मूलन को चला जागरूकता अभियान, 8 व 9 जून को होगा टीकाकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखड अंतर्गत डाढा पंचायत भवन परिसर मे सीएचसी प्रभारी सुरेश कुमार राम के निदेर्शानुसार फलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में सीएचसी बालूमाथ से पहुंचे चिकित्सा कर्मी पंकज पांडेय ने फलेरिया के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि फलेरिया एक जटिल बिमारी है। इसका पता जल्दी नहीं चलता है। जिसके कारण यह गंभीर रूप ले लेती है। फलेरिया का पता लगभग चार-पांच साल तक नहीं चल पाता है। अगर समय रहते इसका पता चल जाए तो ईलाज संभव है। इसलिए इससे बचाव हेतु टीकाकरण करवाना जरुरी है। मौके पर उपस्थित डाढ़ा पंचायत मुखिया सुरेश उरांव ने बताया कि 8 जुन को डाढ़ा पंचायत के गांव डाढ़ा, नवाटोला, और कटईटोला में संध्या सात बजे से फलेरिया उन्मूलन हेतु टीकाकरण किया जाएगा। एवं 9 जुन को गोखलावागी, एवं गोपाल पुर में टीकाकरण होगा। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य, जेएसएलपीएस, सभी वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, बिरेंद्र कुमार सिंह, सैलेश सिंह जगदीश यादव सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।



फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान।

# घर में आग लगने से गैस सिलेंडर फटा, छह लोग घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड के कोपे पंचायत अंतर्गत स्थित बरवाडीह गांव निवासी महेश्वर उरांव के घर में बीते दिन मंगलवार की रात्रि अचानक आग लग गई। जिसके कारण उक्त व्यक्ति का घर पूरी तरह से जलकर बर्बाद हो गया और घर में रखें खाद्य सामग्री समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि मुनेश्वर सिंह अपने घर पर नहीं था तभी रात्रि में घर में आग लगने से घर के आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई आग पर काबू पाने के लिए लोग अपने घरों से पानी भर भर कर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे घर को अपने चपेट में ले लिया। इसी दौरान आग की वजह से घर में रखें गैस सिलेंडर फट गया, जिसके कारण आग बुझा रहे रामेश्वर उरांव, शनेश्वर उरांव, अखिलेश उरांव, प्रेम उरांव, मदन उरांव और जयराम उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ग्रामीणों के मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया गया जहां पर डॉक्टरों के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया है। इधर घर के साथ-साथ घर में रखे सभी सामग्री जलने से पीड़ित परिवार का काफी नुकसान हुआ है पीड़ित परिवार के लोग प्रशासन की ओर से मदद की आस लगाए बैठे हैं।



आग की चपेट में आने से जला घर।

# हुटाप पंचायत में लाखों की लागत से हो रहे चेकडैम निर्माण में अनियमितता का आरोप



घटिया निर्माण सामग्री।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत हिंडाल्को पार्क के समीप लघु सिंचाई विभाग के द्वारा लाखों की लागत से बनाये जा रहे चैकडेम निर्माण में व्यापक तौर पर अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि चेक डैम में निर्माण में घटिया व मृत पत्थर का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। अनियमितता व घटिया निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों के द्वारा मुखर होकर लगातार आवाज उठाया जा रहा है, आवाज उठाने वाले को डराए व धमकाजे जाने का भी आरोप ग्रामीणों के द्वारा लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने उपायुक्त से निर्माण कार्य के गुणवत्ता और तालाब निर्माण में लगाया जा रहे अवैध रूप से मृत पत्थर की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि चेक डैम निर्माण में संवेदक के द्वारा गुणवत्ता का बिल्कुल भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। संवेदक के द्वारा आसपास के जंगल से अवैध तरीके से तोड़कर मृत पत्थरों को मंगवा कर चेकडैम में लगवाया जा रहा है। चेक डैम से खेतों तक पानी पहुंचाने को लेकर बनाए गए नाले में भी जमकर अवैध पत्थर का उपयोग किया गया है साथ ही निर्माण में किसी प्रकार के गुणवत्ता का भी ख्याल नहीं रखा गया है।

ग्रामीणों के कहा कि चैकडेम निर्माण में क्या-क्या कार्य होना है यह ग्रामीण नहीं जान पाए इस उद्देश्य से कार्य करवा रहे संवेदक के द्वारा कार्यस्थल पर योजना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। अगर सही तरीके से मामले की जांच कराई जाए तो घोटाले का बड़ा मामला खुलकर सामने आएगा।

इधर ग्रामीणों की शिकायत के बाद लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता ने कार्यस्थल का दौरा किया था, जिसमे साफ तौर पर मृत व घटिया पत्थर रुपए होते पाया गया। जिसके बाद कनीय अभियंता के द्वारा संवेदक को तत्काल घटिया निम्न गुणवत्ता वाले पत्थर को हटाकर नया पत्थर लगाने का निर्देश दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि बावजूद इसके संवेदक मनमाने तरीके से डैम निर्माण में अवैध पत्थर का इस्तेमाल कर रहा है। इधर मामले को लेकर संवेदक से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### जनसेवकों की हड़ताल से विकास कार्य प्रभावित

**बारियातू।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर एकीकृत बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखण्ड के 11 जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगो को लेकर नौ मई से लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। बुधवार सात जून को अनिश्चितकालीन हड़ताल का तीसवां दिन है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों की परेशानी काफी बढ़ती जा रही है। बालूमाथ प्रखण्ड से जनसेवक मनीष कुमार, सुमित कुमार सिन्हा, आशीष रंजन, पवन कुमार सिंह, रीना कुमारी, अरविंद प्रसाद, बारियातू से चंदन कुमार, प्रकाश कुमार, अरविंद पाण्डेय, हेरहंज से समीर सुमन भेंगरा व सूर्य प्रकाश शामिल हैं। एकीकृत बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखण्ड मे कुल 27 पंचायत है। जिसमें ग्यारह जनसेवक जो पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत है। इनके अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से संबंधित पंचायत मे पीएम आवास, मनरेगा कार्य, 15 वें वित्त, जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र, सहित कई महत्वकांक्षी योजनाओं का कार्य प्रभावित हो रहा है। जनसेवक प्रकाश कुमार ने बताया कि हम सभी जनसेवकों का ग्रेड पे 2400/- से घटाकर 2000/- कर दिया। जनसेवक संवर्ग का नाम बदल कर कृषि प्रसार पर्यवेक्षक या प्रखंड उप कृषि पदाधिकारी करने सहित अन्य की मांग की जा रही है।

# अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का तीन दिवसीय धरना समाप्त



मांग पत्र सौंपते आजसू के कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** आजसू पार्टी का तीन दिवसीय धरना अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ का बुधवार को समापन हो गया। उपायुक्त के नाम डीडीसी को तीन सूत्री मांग पत्र सौंप कर धरना का समापन किया गया।

मौके पर आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि अंचल में फैले भ्रष्टाचार के लिए जनता के मुद्दों पर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है और कार्रवाई की मांग की है। साथ ही साथ अगर आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो पार्टी आगामी कार्यक्रमों के लिए भी तैयार है। अंचल को दलालों से मुक्त कर स्वच्छ वातावरण बनाना प्रशासन का काम है। कोई भी व्यक्ति को अवैध पैसा काम के लिए देना पड़े तो आजसू पार्टी उनके लिए हमेशा लड़ने को तैयार रहेगी। वहीं मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी दबे कुचले लोगों की आवाज है। आज तीन दिवसीय कार्यक्रम को जनता ने सफल बना कर यह संदेश दिया है। कहीं ना कहीं अंचल कर्मी भ्रष्टाचार में संलिप्त है उन पर कार्रवाई हो, नहीं तो आगे रास्ते खुले हुए है। जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, संजय तिवारी ने भी लोगों को संबोधित किया।

मौके पर जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास ओबीसी जिला अध्यक्ष कुंदन जयसवाल चंदवा प्रखंड अध्यक्ष राजा दुबे लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष शंकर गांव विकास साहू राहुल दुबे कुंदन तिवारी नब्बू भुइयां रीमा देवी संजय तिवारी प्रीतम गुप्ता जसोदा कुँवर पूजा देवी महेंद्र उराँव जनार्दन साहू नंदकिशोर यादव कुलदीप उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जेएमएम की बैठक संपन्न, सदस्यता अभियान पर जोर

**बालूमाथ।** बालूमाथ होटल प्रतीक्षा में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव ने किया। उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्येक गांव व टोलो मोहल्लो के घर घर जाकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगी एवं चलाए गए सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन द्वारा किए जा रहे लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक लोगो तक पहुंचाएं। इस बैठक में प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझू, प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, प्रखंड सचिव इनामुल अंसारी, सरहुल गंझू, राजू गंझु समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने प्रशासन से की सहयोग की मांग

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चेटर पंचायत अंतर्गत सुकलक्ट्टा गांव में राजेन्द्र यादव के घर से आरईओ पथ को जोड़ने वाले सरकार द्वारा सर्वे किये गए मार्ग को अतिक्रमण से बचने लिए ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क निर्माण करने का बीड़ा उठाया है। जिसमे प्रशासन से सहयोग की भी गुहार ग्रामीणों ने लगायी है। चंदवा अंचल पहुंचकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मदद की गुहार लगाते हुए बताया कि सुकलक्ट्टा गांव में राजेन्द्र यादव के घर से आरईओ पथ को जोड़ने वाले सरकार द्वारा सर्वे हो चुका जिस पर ग्रामीण श्रमदान कर सड़क निर्माण करना चाह रहे हैं।लेकिन मार्ग पर अगल–बगल के कुछ रैयत व्यवधान उत्पन्न करना चाह रहे हैं। श्रमदान के दौरान दौरान पुलिस प्रशासन की मौजूदगी की भी मांग ग्रामीणों के द्वारा की गयी है। बता दें कि बीते दिनों कुछ लोगो के द्वारा सर्वे मार्ग को कब्जा करने के नियत से मकान निर्माण करने का मामला प्रकाश में आया था। मामले को लेकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण चंदवा थाना पहुंच कर पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार के नाम लिखित आवेदन देकर अवैध तरीके से कब्जा का प्रयास कर रहे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार के निर्देशन में चेटर पिकेट से जवानों को भेजा कर निर्माण कार्य को रुकवाया गया व मामले को शांत कराया था। लेकिन अबतक उक्त विवाद का निपटारा नही हो पाया है।

### ट्रैक्टर पलटने से दो युवक घायल, एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ–खलारी मुख्य पथ पर बसिया ग्राम के समीप एक ट्रैक्टर पलटने से दो लोग घायल हो गए। घायलों में बीरू उराव 22 वर्ष पिता स्व. रामजीत उरांव ग्राम बारा थाना बालूमाथ निवासी और रामलाल उरांव 20 वर्ष पिता स्व. मतवारी उरांव ग्राम दोनो ग्राम बारा थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर बालूमाथ से बालू गिरा कर मारंगलोईया की ओर बालू लाने जा रहा था। इसी दौरान बसिया ग्राम के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद दोनो घायलो को स्थानीय लोगो की मदद से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेश राम की देखरेख में दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वही गम्भीर रूप से घायल बीरु उरांव की गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

# भगवान के स्मरण से होता है कल्याण : वैद्यनाथ राम

## शिव मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ में शामिल हुए विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड की डाढ़ा पंचायत अंतर्गत बचरा गांव स्थित शिव मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ के दिन विधायक वैद्यनाथ राम पहुंचे। विधायक श्री राम ने कहा की मानव जाति को कल्याण के लिए यज्ञ होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि यज्ञ होने से मन-मस्तिष्क मे घुसे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होता है और मानव जाति के लिए कल्याणकारी साबित होता है। कलयुग में तेजी से पाप बढ़ रहा है और पाप से बचने के लिए मात्र उपाय है भगवान का स्मरण करना। इस तरह के यज्ञ होने से लाभ होता है। उन्होंने यज्ञ कराने वाले को धन्यवाद दिया। यज्ञ में श्रीमद्भागवत वाचक वरुणानंद शास्त्री जी महाराज ने भगवान विष्णु के 24 अवतारों के बारे मे बताया और कहा कि भगवान विष्णु ने अनेकों बार पृथ्वी पर अवतार लिया है। भगवान विष्णु ने वामन अवतार इंद्र की रक्षा के लिए धर्ती पर अवतार लिया था। भगवत कथा श्रवण करने से मनुष्य का जीवन सार्थक हो जाता है। यज्ञ मंडप मे परिक्रमा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।



बचरा गांव के यज्ञ में उपस्थित लोगों को संबोधित करते विधायक वैद्यनाथ राम।

### नुक्कड़ नाटक से दी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**चंदवा।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लातेहार के आदेशानुसार लोक कला मंच मसियातु बालूमाथ के द्वारा इंदिरा गांधी चौक के समीप झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता को लेकर गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो के बीच प्रचार प्रसार किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओ के विषय मे ग्रामीणों को जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डायन प्रथा, अंधविश्वास, बाल विवाह, बाल मजदूरी जैसी कुरीतियों को भी बारीकी से बताया गया। इसके अलावे सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पेंशन योजना आदि के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

# भाजपा युवा मोर्चा की महुआडांड़ प्रखंड कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन सभागार में भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक कराई गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ शाह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ साह ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेमिसाल 9 साल की उपलब्धियों को बताते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से भाजपा की सरकार बनाने के मिशन में युवाओं को जुट जाने का आह्वान किया। युवा मोर्चा उपाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहां कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में लोगों से संपर्क करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किस तरह देश मजबूत हुआ है। इससे पहले देश छोटे-छोटे फैसलों में भी बहुत समय लगाता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत किस तरह विश्व में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है यह बताते हुए प्रत्येक युवा को जोड़ने का कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ साह, उपाध्यक्ष नीतीश कुमार साहू,हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, भाजयुमो महामंत्री प्रशांत नाथ साह आदि उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित मोर्चा के लोग।

